
श्रीमद् अमृतवाग्भवाचार्य-प्रणीतः

श्रीराष्ट्रालोकः

श्रीराष्ट्रसञ्जीवनभाष्यसहितः
(राष्ट्रालोक-सारयुतः)



डॉ. शिवसागर त्रिपाठी
पद्म शास्त्री

द्विविधा जीवनदृष्टिः संश्लेषणपरा विश्लेषणपरा चेति। संश्लेषणपरा दृष्टिः जीवनं समग्रतया पश्यति, विश्लेषणपरा पुनः खण्डशः। पूर्वा पौरस्त्या दृष्टिः, अपरा पाश्चात्या। प्रथमा धर्मं जनयति, द्वितीया विज्ञानम्। तस्मात् भारते राजधर्मविवेचनम्, पश्चिमे राजनीतिविज्ञानविवेचनम्। श्रीमदमृतवाग्भवाचार्य-प्रणीते राष्ट्रालोके राष्ट्रधर्मस्येदमप्रथमतया संस्कृतभाषया विवेचनं विहितम्। संस्कृतभाषायाम् केवलं धर्मविवेचनमिति मन्यन्ते प्रायशो लोकाः। श्रीमदमृतवाग्भवाचार्यस्येयं कृतिस्तां भ्रान्ति निराकरिष्यति।

पाश्चात्यदृगभ्यस्ता अस्यां कृतौ कदाचिदप्रौढमिव सर्वं विवेचनं मन्येरन्। किन्त्वत्र यत्तथ्यं निरूपितं तत्सर्वथा मौलिकं सत्कल्याणमप्यावहति। तथा राष्ट्रस्य मूलमन्त्रं व्यावहारिको मोक्ष इति प्रतिपादितम्, मोक्षस्य स्वातन्त्र्यापरपर्यायत्वमुपपादितम्। अत्रैतत् ध्येयं यत्स्वातन्त्र्यविरोधिनः सोवियतसंघस्य राष्ट्रत्वेन विलयस्तु स्वतः सिद्ध एवासीत् राष्ट्रं च स्वातन्त्र्याभावश्चेति नास्त्युभयोः सामानाधिकरण्यम्। एवमेवान्तरसंस्कृतिरत्र धार्मिकविश्वासाधीना सम्मता। धर्मनिरपेक्षतावादिन आर्थिकाभ्युदयप्रयासानेव राष्ट्रस्यैकतायाः आधारमभ्युपगच्छन्ति। सोवियतसंघविलयेऽयमपि भ्रमो विलीनः। ग्रन्थलेखनकाले मुद्रणकालेऽपि वा सोवियतसंघस्य विलयो नाघटयत्। किन्त्वद्य लेखकस्य स्थापनेतिहासपरिपुष्टा वर्तते।

क्वचित्तदनितान्तमश्रुतपूर्वं विवेचनं विदुषां ध्यानमाकर्षति। यथा सत्ययुगे चतुर्विधभाषापटवः सामनीत्या त्रेतायां परां विना त्रिविधभाषापटवः दाननीत्या, द्वापरे मध्यमावैखरीकुशलाः भेदनीत्या कलौ वैखरीकुशलाः दण्डनीत्या च स्वकार्यं साधयन्तीति प्रतिपादनं न श्रुतिपथं पूर्वमागतम्। एवमत्र चर्वितचर्वणं नास्ति। ग्रन्थोऽयं संस्कृतभाषोपनिबद्ध इत्येवात्र वैशिष्ट्यं नास्ति, विचारदृष्ट्यापि नवनवोन्मेषमत्र सर्वथाभिनन्दति।

दयानन्दो भार्गवः
संस्कृतविभागाध्यक्षः
ज० ना० व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर

: श्रीराष्ट्रालोक :

श्रीराष्ट्रसञ्जीवनभाष्य-सहितः

[राष्ट्रालोकसार–युतः]

सम्पादक :

डॉ. शिवसागर त्रिपाठी

अध्यक्ष संस्कृत-विभाग

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

एवं

पद्म शास्त्री

देवनागर प्रकाशन, जयपुर

मूल्य : 100.00 प्रथम संस्करण : 1992

प्रकाशक : श्रीमदमृतवाग्भवाचार्य सांस्कृतिक शिक्षा एवं शोध संस्थान के लिये देवनागर प्रकाशन, जयपुर द्वारा प्रकाशित ।

मुद्रक : ऐलोरा प्रिण्टर्स, जयपुर

समर्पण

चतुर्णां पुरुषार्थानां हेतवे वृषकेतवे ।
पितृ-पुण्य-भुवे तस्मै स्वराष्ट्राय नमोनमः ।।

महामहिम आचार्य श्रीअमृतवाग्भव

के


पुनीत पाद पद्मों

में

सादर समर्पित

श्रीः

पूज्यपाद ब्र० अनन्त श्री श्रीमद् अमृतवाग्भवाचार्य



शास्त्राणि यो रचितवान् विविधानि विद्वान्
धर्मार्थमोक्षफलदानिजनापकृत्यै ।
व्याख्यातवांश्च कतिचित् स्वयमेव देव-
स्तस्मै नमोऽस्तु गुरवेऽमृतवाग्भवाय ।।

जन्मः
आषाढ़ शुक्ल दसवीं
वि० सं० 1960

लीला-संवरण
कार्तिक शुक्ल नवमी
वि० सं० 2039

भावाञ्जली

(1)

श्रीयुक्तो प्रतिभायुतः सुसरलो यो नैष्ठिको भास्करः
नैपुण्यं वहतीह योगसरणौ नैकेषु शास्त्रेषु च ।
वाग्देवीतनयो बुधः सुरगवीसेवाव्रती साधकः
आचार्योऽमृतवाग्भवो विजयते सिद्धो महामानवः ।।1।।

⊙

वाग्श्रीधर्मदयावितानिरतो हृद्यस्तपस्वी महान्
स्वाध्याये कुशलः प्रभोः सुदयितः विद्योदधेः पारगः ।
राष्ट्रे संस्कृतिचेतना, सहृदये सारस्वती साधना
शक्तिः जागरिता च येन भुवने, वन्द्यो महामानवः ।।2।।

⊙

एतेषां सुकरेषु शोभनतमा गुर्वी च या लेखनी
सामर्थ्यं कथमद्भुतं हि रचना सूते स्म रम्याः सदा ।
टीका–गद्य–कथा–स्तवादिविविधाः हिन्द्यां तथा संस्कृते
ताश्चाद्यापि पुरस्कृताः जनमनो हृष्यन्ति नैशं भृशम् ।।3।।

⊙

वेदेतिहास-स्मृति-साहितीज्ञः
पौराणिको दर्शनशास्त्रविज्ञः ।
सम्पादक : लेखक ईरकश्च
वन्द्यः कविः तान्त्रिकतल्लजोऽयम् ।।4।।

⊙

भावाञ्जलिः समर्प्यत इह ग्रन्थार्पणसमुत्सवेऽस्मिन् ।
विद्वदमृतवाग्भवाय नमस्तस्मै ब्रह्मलीनाय ।।5।।

—डा. शिवसागर त्रिपाठी
जयपुरम्

(2)

आर्य पूज्य दयासुधाम्बुधे पतितोद्धारपरायण प्रभो ।
ललितालालितांघ्रिसेवक प्रबलानन्दस्वरूप पण्डित ॥1॥

⊙

जडचेतनभेदकल्पिता शिवरूपात्मकलाविलासिनी ।
सकलेषु जगत्सु नास्त्यतः सविशेषाऽत्र मतिर्भवादृशाम् ॥2॥

⊙

अथ चेज्जनरीतिकल्पिता कुमतिः कापि विजृम्भते मयि ।
करुणावरुणालयो भवान् इति मत्वा न शुचे तथाप्यहम् ॥3॥

⊙

पुरा भागीरथ्या हिमगिरितटोपान्तपुलिने
मुदा दर्शं दर्शं नयनसुखदं वक्त्रकमलम् ।
तथा पायं पायं तव वचनवारीणि तृषितः
यदासीदानन्दं कथमिव लभेयं तदधुना ॥4॥

⊙

यद्वा तद्वा भवतु सकलं शर्म वाऽशर्मरूपम्
प्रामाण्यं सोऽहृतिपरशिवोऽन्ते नृणां भावजाते ।
इत्याश्वासैर्मन इदमहं सान्त्वयाम्यात्मयोगात्
अस्मात्का वा गतिरिह परा मादृशानां नराणाम् ॥5॥

⊙

शतशः प्रणमामि तावकं पदपाथोजयुगं कृताञ्जलिः ।
समुपास्य मनः सुनिर्मलं कुरुते कवकं पयो यथा ॥6॥

डा. श्रीनाथ टिक्कू
दिल्ली

सम्पादकीय

सृष्टि में जो भी तेज है, प्रकाश है, दीप्ति है, महिमा है, विभूति-भाव है, जो भी वितान हैं, वह रूप साम है, 'सर्वतेजः सामरूपं हि शश्वत्'। यह सामतत्त्व ईश्वर में है—'वेदानां सामवेदोऽस्मि' और पर्यायत्वेन जीवविशेष में भी—'मम तेजोंऽशसम्भवम्'। इस दृष्टि से महर्षि महात्मा ज्ञानी और सिद्ध महापुरुष ईश्वरांश होते हैं। सैद्ध दर्शन के प्रतिपादक श्रीमदमृतवाग्भवाचार्य ऐसे ही महापुरुष थे, जिन्होंने आत्मसाक्षात्कार को आध्यात्मिक मोक्ष और स्वातन्त्र्य-प्राप्ति को व्यावहारिक मोक्ष की प्रक्रिया बताकर परतन्त्रता के युग में निर्भय होकर एक 'राष्ट्रालोक' प्रदान किया और उसे 'राष्ट्रसञ्जीवनभाष्य' के सुप्रभ प्रभामण्डल से अलङ्कृत किया।

यह समग्र ग्रन्थ राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत है। इसमें स्वतन्त्रता तथा उसके मानदण्डों पर विशेष बल दिया गया है, साथ ही राष्ट्र, राष्ट्रियता, एकता, शिक्षा, राजनीतिक आदर्श, नैतिक पर्युत्थान राष्ट्रिय-अराष्ट्रिय स्वरूप आदि विषयों को 'गागर में सागरवत्' प्रस्तुत किया है। मूलतः राष्ट्रालोक की रचना वि. सं, 1990 (सन् 1933 ई.) में गहन जंगलों में हुई थी। इससे पूर्व आचार्यश्री 'आत्मविलास' की रचना कर चुके थे। उसमें भी राष्ट्रीयतापरक विचार हैं। इसके अतिरिक्त 'सांक्रान्तिपञ्चदशी' राष्ट्रीय भावों से परिपूर्ण रचना है। 'स्वाध्याय' में प्रकाशित लेखों में देश-दशा से क्लान्त मन की व्यग्रता दिशा-निर्देश के साथ स्पष्टतः दृष्टिगत होती है। राष्ट्रसञ्जीवनभाष्य में यह राष्ट्रीय चिन्तन समुन्नत, सुस्पष्ट तथा शास्त्र प्रमाणीकृत रूप में पदे पदे द्रष्टव्य है।

आचार्य वाग्भव वेदान्त और कश्मीर शैव दर्शन के सिद्ध महापुरुष थे। आपने राष्ट्र की परशिव रूप में कल्पना करके उसके लीलाविलास की चर्चा भी इस ग्रन्थ में की है। किन्तु दार्शनिक अभेद की यह दृष्टि उन्हीं के लिए है, जो एतत्परक रहस्य के जिज्ञासु हैं और पारमार्थिक मोक्ष के प्रपित्सु है। उनके लिए

ही आचार्य का संकेत है कि जो भावुक इस ग्रन्थ के रहस्य को जानना चाहते हैं, वे अमृत के अभिमान को जीतने वाले 'श्री आत्मविलास' ग्रन्थ को यथेष्ट पढ़ें—

ग्रन्थस्याऽस्य रहस्यं ये ज्ञातुं वाञ्छन्ति भावुकाः ।
पठन्त्वात्मविलासं ते कामं जितसुधामदम् ॥(रा. 106)

आचार्यप्रवर ने इस ग्रन्थ का एक नाम 'व्यावहारिकमोक्षशास्त्र' भी रखा था अर्थात् जहां एक ओर यह ग्रन्थ पारमार्थिक स्वातन्त्र्येच्छा को अंकुरित करता है, वहीं दूसरी ओर व्यावहारिक मोक्ष (स्वातन्त्र्य) की प्राप्ति का मार्ग बतलाता है । इस विचार की भावभूमि कश्मीर शैवदर्शन या त्रिक दर्शन से ही सम्बद्ध है ।

सामान्यत: ग्रन्थ का सम्बन्ध तत्कालीन भारत से है, पर इसमें वर्णित शाश्वत तथ्य न केवल भारत के लिए, अपितु विश्व के समस्त राष्ट्रों के लिए ज्ञेय, ध्येय और परिपाल्य है। इस दृष्टि से ग्रन्थकार की सार्वभौम दृष्टि प्रशस्य और प्रणम्य है । उनका यह ग्रन्थ स्वतन्त्रता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के योग-क्षेम के मार्ग को प्रदर्शित करने वाला तथा राष्ट्रवादी राष्ट्रों के लिए पाथेय हैं और यही इसकी फलश्रुति भी है—

दुष्टाराष्ट्रियपारतन्त्र्यनिगडच्छेदेन तोषावहो
'राष्ट्रालोक' उदारबुद्धिविषयः स्वातन्त्र्यदीक्षागुरुः ।
ये संसारसमुन्नतिं स्वहृदयात् वाञ्छन्ति, तेषां कृते
आचार्यामृतवाग्भवेन रचितो ग्रन्थोऽयमस्त्यद्भुतः ॥

ऐसे महत्त्वपूर्ण और कालातीत ग्रन्थ पर स्वयं आचार्यप्रवर द्वारा लिखित 'राष्ट्रसञ्जीवनभाष्य' विषयक जानकारी हमें पहले श्रीमुख से और फिर 'श्रीमदमृतवाग्भवाचार्य सांस्कृतिक शिक्षा एवं शोध संस्थान, जयपुर' के अध्यक्ष श्री दुर्गादत्त शर्मा से मिली । यह भाष्य मूलत: 'विद्वद्वरकल श्री राधाकृष्ण धार्मिक संस्थान,' दिल्ली में सुरक्षित था । अत्यन्त प्रयास के बाद वहां से हमें प्रथम चरण में मात्र 36 कारिकाओं पर लिखा भाष्य प्राप्त हो सका । अध्ययन करने पर यह भाष्य वर्ण्य विषय के अतिरिक्त व्याकरण दर्शन, साहित्य, नीति, राजनीति, समाजशास्त्र आदि विविध दृष्टियों से अत्यन्त उपादेय लगा, अतः इसके प्रकाशन का मानस बना । यह अनुभव किया गया कि यह विस्तृत भाष्य पाण्डित्यप्रकर्ष से युक्त है और मात्र विद्वत्तल्लजों के लिए बोध्य है । सामान्य पाठक या जिसे संस्कृत भाषा का ज्ञान नहीं है, इसका तभी आनन्द ले सकता है, जब वह हिन्दी अनुवाद सहित हो । शर्मा जी ने यह चर्चा सुहृद्वर श्री पद्म शास्त्री आचार्य, राज० उच्च. मा. विद्यालय, पहाड़गंज, जयपुर) से

भी की। हम दोनों ने अपनी सहमति दी और ज्ञानसत्र में पूर्ण सहयोग करने का वचन दिया। अनुवाद कार्य प्रारम्भ हुआ। भाष्यकार आचार्य जी की शैली सम्बद्ध समग्र ज्ञान प्रस्तुत करने की रही है। अतः जब तक उन्हें सन्तोष नहीं हो जाता था, तब तक वे विषय को 'अयम्भावः' 'अयमाशयः' 'अयमभिप्रायः' 'अत्र बोध्यम्' 'अयं विशेषः' 'इति ध्वन्यते' 'इत्यत्र ब्रूमः' 'इदमप्याकलनीयम्' आदि शब्दावली से सुस्पष्ट करने का प्रयास करते रहते थे। फलतः अनेकत्र विस्तार और पिष्टपेषण जैसी स्थिति दृष्टिगत होती है, पर है वह सब ज्ञान-विज्ञानप्रद। 'नामूलं लिख्यते किञ्चित्' की भावना से आपने संस्कृत वाङ्मय से अनेक उद्धरण भी दिये हैं। जहां कहीं सन्दर्भ (बाद में लिखने के लिए) छूट गए थे, वहां उन अपूर्त संकेतों को यथाशक्य पूर्ण कर देने का प्रयास किया गया है। इस प्रकार भाष्य में लेखक की शोधबुद्धि भी परिलक्षित होती हैं।

अन्ततः यह अनुभव किया गया कि इस समस्त विस्तार को अनुवाद में समेटना आवश्यक नहीं है। अतः संस्कृत से अनभिज्ञ जनों के उपकार के लिए भाषासार रूप में मूलमन्तव्य देने का ही प्रयास किया गया है। इसमें पदच्छेद, पदपर्यायार्थ, टीकाशैली, स्वग्रन्थीय एवं स्वशास्त्रीय उद्धरण आदि का विस्तार नहीं दिया गया है। विज्ञ पाठकों से अनुरोध है कि वे इस हेतु मूल ही पढ़ें और ज्ञानवर्धन करे, जैसा कि रचयिता ने स्वयं लिखा था—'यह 'राष्ट्रालोक' राष्ट्रवाद को लक्ष्य कर रचा गया है। इस विषय में सुविस्तृत विवेचन 'श्रीराष्ट्रसञ्जीवन' में किया गया है, पाठक वही पढ़ें। (रा. अवतरणिका, पृष्ठ 6)

वस्तुतः परात्पर (राष्ट्र) आलोक का अंशुमात्र यह भाषासार तो विषय और ग्रन्थ को संक्षेप में समझने के लिए है। हो सकता है कि इस सार-लेखन में विचक्षण पण्डितों की दृष्टि से कुछ बातें छूट गई हों, पर सुधीजन उन्हें मूल में ही देखने का प्रयास करें।

उपलब्ध प्रथम 36 कारिकाओं पर लिखे भाष्य का यह प्रथम भाग समीक्षा चञ्चरीक विद्वत्पाठकों के करकमलों में है। अवशिष्ट कारिकाओं पर सञ्जीवन भाष्य का द्वितीय भाग शीघ्र प्रकाश्यमान है।

डॉ. शिव सागर त्रिपाठी
अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर

अभिशंसा

डा. रामेश्वर शर्मा
कुलपति

राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर (राजस्थान)

मैंने श्री अमृतवाग्भवाचार्य–प्रणीत श्रीराष्ट्रसञ्जीवन-भाष्य एवं डा. शिवसागर त्रिपाठी, अध्यक्ष, संस्कृत विभाग द्वारा लिखित राष्ट्रालोकसार सहित 'राष्ट्रालोक' का अवलोकन किया। यह ग्रंथ यद्यपि स्वतन्त्रता-प्राप्ति से पूर्व लिखा गया था, किन्तु इसमें राष्ट्रपरक और शासन सुव्यवस्था सम्बन्धी जिन शाश्वत तथ्यों की उद्‌भावना की गई है, उनसे राष्ट्रवाद का कोई विषय ऐसा नहीं रहा, जिस पर आचार्यश्री ने अपने इस भाष्य में विस्तार से प्रकाश न डाला हो। इस कृति को भारतीय परिप्रेक्ष्य में भले ही एकदेशिक कहा जाय, पर वस्तुतः यह राष्ट्र, राष्ट्रियता, राष्ट्रशिक्षा और स्वतन्त्रता के योगक्षेम से सम्बद्ध विश्वजनीन है।

अद्यावधि अप्रकाशित श्रीराष्ट्रसञ्जीवनभाष्य सहित 'राष्ट्रालोक' के प्रथम भाग का भाषासारसहित सम्पादन एवं प्रकाशन कर डा त्रिपाठी ने महान् राष्ट्रोपकार किया है और संस्कृत वाङ्मय को अभिवृद्ध किया है। मैं इस ग्रंथ के सर्वतोभद्र प्रसार की कामना करता हूं और डा. त्रिपाठी को इस आशा के साथ साधुवाद देता हूं कि शीघ्र ही ग्रंथ का द्वितीय भाग इस रूप में पाठकों के समक्ष प्रस्तुत होगा।

—रामेश्वर शर्मा

उपक्रम

यह हमारे लिए गौरव और प्रसन्नता की बात है कि संस्कृत के लब्ध-प्रतिष्ठ लेखक डा. शिवसागर त्रिपाठी, अध्यक्ष, संस्कृत विभाग राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, ने साधना, सिद्धि और वैदुषी के लिए सुप्रसिद्ध श्री अमृतवाग्भवाचार्य की एक महनीय कृति 'राष्ट्रालोक' को, आचार्य-प्रणीत 'श्रीराष्ट्रसंजीवनभाष्य' के साथ सम्पादित कर उसे बहुजनहिताय एव बहुजनसुखाय बनाने हेतु प्राञ्जल हिन्दी में राष्ट्रालोक एवं उसके भाष्य का सार प्रस्तुत किया है। यह कार्य अनेक दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण है। आज अपना देश राष्ट्र के रूप में अस्तित्व एव अस्मिता की सुरक्षा के लिए संघर्ष और आतंक में फंसा हुआ है। सामान्यतः प्रतीत होता है कि भारतीय राष्ट्र आर्थिक और राजनीतिक दुश्चक्र में फंसा है, पर शायद अधिक सच यह है कि उसका सांस्कृतिक संकट अधिक गहरा गया है। स्वतन्त्रता के सूर्योदय के कई वर्ष पूर्व श्रीमद्अमृतवाग्भवाचार्य की क्रान्त दृष्टि ने सन् 1934 में राष्ट्र-स्वरूप के सम्बन्ध में अपने चिन्तन को संस्कृत में अभिव्यक्त किया था, जिसका पद्यात्मक प्रकाशन ही हुआ था। इसी चिन्तन का विस्तार सन् 1948 में स्वतन्त्रता के सूर्योदय के पश्चात् भी हुआ था। तब से लेकर आज तक भारतीय राष्ट्र के रूप में सन्त का चिन्तन-मनन प्रसुप्त एव मूच्छित सा था, क्योंकि सामान्य जनता का इससे सीधा सरोकार नहीं हो पाया था। डा. त्रिपाठी का यह नवीन प्रकाशन उस समस्या की पूर्ति है। इसलिए निश्चय ही यह कार्य श्लाघ्य भी है और सामयिक भी है। वस्तुतः 108 पद्यों के भाष्य के साथ भाषान्तर में प्रस्तुति का यह प्रथम खण्ड मात्र है। इसके प्रकाशन के साथ ही पाठक को 36 पद्यों के आगे शेष पद्यों के उसी रूप में सम्पादन एवं रूपान्तरण की उत्सुक प्रतीक्षा रहेगी।

श्री अमृतवाग्भवाचार्य काश्मीर के शैव दर्शन, जिसे त्रिक दर्शन एवं प्रत्यभिज्ञा दर्शन के रूप में भी जाना जाता है, के सिद्ध आचार्य थे। उन्हें न केवल इस दर्शन का अपितु अन्य साधना-प्रधान दर्शनों का भी सहज विज्ञान था। वे साक्षात्कृतधर्मा ऋषि थे, जिन्होंने अपने अनेक ग्रन्थों में 'शिवदृष्टि' की आधारभूमि बनाकर चिन्तन के क्षेत्र में नए क्षितिजों का उन्मेष किया था। 'राष्ट्रालोक' भी उसी प्रकार की एक महती कृति है। शैव दर्शन का प्रमुख सिद्धान्त है, 'स्वातन्त्र्य'। यह कर्तृत्व का पर्याय है। अनेक भारतीय दर्शनों में कर्तृत्व को

विकार माना जाता है, उसे ईश्वर अथवा आत्मा की ईशिता, सामर्थ्य, पूर्णता अथवा परता का पर्याय नहीं माना जाता। इसलिए वेदान्त का ब्रह्म और सांख्य का पुरुष दोनों निर्विकार हैं। वे कुछ कर नहीं सकते। सारा कर्तृत्व माया अथवा प्रकृति का है, ब्रह्म या ईश्वर विकार से और इसलिए कर्तृत्व से अकलुषित है। शैवदर्शन की दृष्टि से स्वातन्त्र्य या कर्तृत्व का यह अभाव चैतन्य को जड़ बना देता है। निष्क्रिय चेतना जड़मणि की तरह है। कर्ता स्वतन्त्र होता है - 'स्वतन्त्रः कर्ता' जो स्वतन्त्र नहीं, वह कर्ता नहीं माना जा सकता। इसलिए वेदान्त, सांख्य और न्याय के ईश्वर को इस जगत् का कर्ता अथवा संहर्ता कैसे स्वीकार किया जा सकता है। इसके विपरीत त्रिक दर्शन के स्वातन्त्र्यवाद के अनुसार न केवल परम प्रमाता शिव, अपितु प्रत्येक परिमित प्रमाता (जीव) चेतन एवं स्वतन्त्र है। वह प्रकाश भी है और विमर्श भी। स्वतन्त्रता एव चेतना उसका स्वभाव है, आगन्तुक धर्म, गुण, अवच्छेदक या उपाधि नहीं। इस मान्यता के आलोक में 'राष्ट्रालोक' परतन्त्र भारत में स्वतन्त्रता का चिन्तनमूलक सांस्कृतिक शंखनाद था। यह दुर्भाग्य की ही बात है कि देश की समस्याओं को लेकर जो स्वातन्त्र्यमूलक चिन्तन प्रस्तुत किया गया था, उसकी ओर संस्कृत से अपरिचित लोगों का ध्यान नहीं जा सका। डॉ. त्रिपाठी द्वारा यह प्रकाशन उस कमी को पूरा करने का प्राथमिक सोपान है।

संस्कृत में लेखन की एक सुव्यवस्थित पारम्परिक पद्धति है। पहले सूत्र या कारिका में चिन्तन का बीज वपन किया जाता हैं और फिर वृत्ति, विवरण, टीका या भाष्य के द्वारा कारिका में निबद्ध बीजाक्षरों का अंकुरण, पल्लवन एवं पुष्पायन किया जाता है। इसी पद्धति को आचार्यश्री ने राष्ट्रालोक में अपनाया है। ग्रन्थ का प्रारम्भ शैवी चित्कला की वन्दना से होता है, जो राष्ट्र रूपी वृषकेतु की चेतना शक्ति है। राष्ट्र को शिव के रूप में और उसी की चेतना की शक्ति रूप में कल्पना लेखक की दृष्टि को प्राचीन भारतीय सांस्कृतिक परम्परा से जोड़ता है। इस प्रकार यह ग्रन्थ पुराण एव नवीन के बीच में सेतुबन्ध का कार्य करता है। इसमें जिन विषयों पर नवीन राष्ट्रदृष्टि का उन्मीलन किया गया है, उनमें से कुछ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं—'राष्ट्र, राष्ट्रियता, स्वराष्ट्र-शिक्षा, सहशिक्षा, सैनिकशिक्षा, राष्ट्रभाषा, धर्म्यभाषा, ग्रामीण क्षेत्रोत्थान, प्रतिग्राम में पाठशाला और प्रतिमण्डल में महाविद्यालय की स्थापना, आदर्श शिक्षकों की व्यवस्था, अराष्ट्रियों, राष्ट्रघातियों और आततायियों से सतर्कता और सुदृढ़ गुप्तचर व्यवस्था आदि। आचार्य की दृष्टि में राष्ट्र की अभिधारणा मुख्यतः सांस्कृतिक है। अतः इस सम्बन्ध में उनका यह पद्य उद्धरणीय है—

समानसंस्कृतिमतां यावती पितृपुण्यभूः ।
तावतीं भुवमावृत्य राष्ट्रमेकं निगद्यते ।।रा. 3।।

परतन्त्रता को अभिशाप मानकर उनका यह कथन भी अत्यन्त सामयिक और प्रेरणास्पद है—

पारतन्त्र्यस्य निगडं दृढीकुर्वन्ति ते नराः ।
ये राष्ट्रार्थं न जानन्ति मत्तुमात्मविरोधिनः ।।रा. 12।।

राष्ट्रीय शिक्षा और राष्ट्रभाषा के अतिरिक्त राष्ट्र की शिशु-सम्पत्ति और युवा-सम्पत्ति कैसी हो, इस सम्बन्ध में उनका समस्त चिन्तन पद्य संख्या 15 से 36 तक विशेष रूप से उल्लेखनीय है ।

अत्यन्त सरल और प्राञ्जल संस्कृत में राष्ट्र-सम्बन्धी चिन्तन के लिए उपनिबद्ध पद्य वस्तुतः प्रत्येक भारतवासी के लिए पठनीय हैं । इन सरल पद्यों का भाष्य निश्चित ही अत्यन्त गम्भीर है और यह विद्वानों के लिए अधिक उपयोगी सिद्ध होगा । मूल और भाष्य के मर्म को प्रामाणिक किन्तु साथ ही सरल एवं सुबोध भाषा में प्रस्तुत करने के लिए डा. त्रिपाठी हम सभी के बधाई के पात्र हैं ।

मुझे विश्वास है कि डा. त्रिपाठी की निरन्तर गतिशील सारस्वत साधना ज्ञान-विज्ञान के नए आयामों को उन्मीलित करती रहेगी ।

डा. रामचन्द्र द्विवेदी
प्रोफेसर—संस्कृत विभाग एवं
अधिष्ठाता, कला संकाय,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

प्रास्ताविकम्

श्रीमदमृतवाग्भवाचार्यप्रणीतं श्रीराष्ट्रालोकमधिकृत्य विरचिते स्वोपज्ञे श्रीराष्ट्रसञ्जीवनभाष्ये तात्त्विकमोक्षाविरोधेन व्यावहारिकमोक्षस्य सविस्तरं विवेचनमस्ति । तात्त्विकमोक्षोऽयं परमशिवरूपस्तज्ज्ञानं वा व्यावहारिकमोक्षश्च राष्ट्रज्ञानम् । सर्वमिदं सर्वसमाहारमूलकशैवदर्शनानुसारं संगच्छते । एतद्दर्शनानुसारं लोकोऽयं शिवाभास इत्यस्य न हि विवर्तरूपता अपितु शिवस्यैव लीलारूपेण कोऽपि विस्तारः । एवं सति परमशिवव्यतिरिक्तत्वेनैव गृहीतस्य लोकस्यायथार्थता न तु शिवलीलाजन्यत्वात् तदन्तःपातित्वेन गृहीतस्य तस्य । एवंविधमेव लोकज्ञानं व्यावहारिको मोक्षः । लोकेस्मिन् राष्ट्रस्य कोऽपि विशेष इति राष्ट्रज्ञानमेव व्यावहारिको मोक्ष इत्यायातम् ।

शैवदर्शनानुसारं मोक्षे स्वातन्त्र्यस्य स्थितिरिति राष्ट्रदृष्टिरूपे व्यावहारिकमोक्षेऽपि साऽऽयातेति ज्ञेयम् । एवं सति राष्ट्रमत्र स्वत्वेन आत्मत्वेन वा ग्राह्यं तथैव च व्यवहर्तव्यम् । अनेनैव धर्मार्थकामानां चरितार्थता सम्पद्यते ।

एनामेव सरणिमवलम्ब्य अत्र राष्ट्रस्य तदंगानाञ्च आध्यात्मिकताऽविरोधेन युगानुसारि वर्णनं कृतम् । अनेनैव हेतुना विवेचनस्यास्य राष्ट्रियतासम्बन्धिभ्यः पाश्चात्यविद्वत्कृतविवेचनेभ्योऽयं विशेषो यत् पाश्चात्यविद्वत्कृतानि विवेचनानि राष्ट्रियभावनासंवर्धकान्यपि एतदाक्रामकरूपाविरहितानि (not divorced from aggressiue form of nationalism) परं विवेचनमेतद् आध्यात्मिकभावनानुगामित्वात् विश्वैकराष्ट्रभावनापर्यवसायीति स्थितम् । एवं सति विवेचनमेतन्न हि केवलं भारतीयजनोपयोगि अपितु विश्वजनोपयोगि राष्ट्रकल्याणकरमात्मकल्याणकरञ्च स्वीकार्यम् ।

—डा. ब्रह्मानन्द शर्मा
पूर्व निदेशक, राज. प्राच्यविद्याप्रतिष्ठानम्,
7–क–15, जवाहर नगर,
जयपुर ।

शुभाशंसा

श्रीमदमृतवाग्भवाचार्य विरचित 'राष्ट्रालोक' काव्य तथा उस पर कविकृत राष्ट्रसञ्जीवनभाष्य किसी स्वतन्त्र राष्ट्र के आदर्श-आकार का सैद्धान्तिक रूप है। राष्ट्र के विनाशक और उत्कर्षक हेतुओं को चिह्नित करते हुए शिक्षा के प्रचार-प्रसार को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने का जो संकेत कवि ने दिया हैं, आज के साक्षरता अभियान का वह आधुनिकतम प्रयोग है। देश की सुरक्षा व्यक्ति–व्यक्ति का धर्म है और इस भाव तथा संकल्प को दृढ़ करने के लिए सैनिक शिक्षा जैसे प्रभावी विषयों का प्रावधान होना अनिवार्य है—कवि की इस मान्यता को निश्चित ही आज के भारतवर्ष को एकान्ततः स्वीकार करना होगा। तब कहीं एकता, अखण्डता, सुरक्षा जैसी स्थापनाओं पर आने वाली शाश्वत या आकस्मिक आपदाओं का परिहार सम्भव हो सकता है। निश्चित ही 'राष्ट्रालोक' के सिद्धान्त, व्यवहृत होने पर राष्ट्र की सम्पूर्ण समस्याओं के सार्वजनीन समाधान हैं।

ग्रन्थ का सम्पादन तथा भावासार प्रस्तुत करके डा. शिवसागर त्रिपाठी, अध्यक्ष संस्कृत विभाग, ने उत्तम कार्य किया है। गम्भीर विषय को भी सहज भाव से प्रकट करने की टीकाकार और सम्पादक डा. त्रिपाठी की क्षमता प्रशंसनीय है।

मैं इस महनीय कार्य के लिए डा. त्रिपाठी को साधुवाद देता हूं।

—डा. आर. पी. द्विवेदी
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष संस्कृत-विभाग
राची विश्वविद्यालय, रांची (म. प्र.)

[2]

श्रीमदमृतवाग्भवाचार्य प्रणीत 'राष्ट्रालोक' पुस्तक का कविकृत राष्ट्रसञ्जीवन भाष्य देखने का शुभ अवसर मिला। इसका सम्पादन एवं राष्ट्रभाषा में साररूप में प्रस्तुतीकरण सम्पादक ने बड़ी कुशलता से किया है, क्योंकि इसमें कविविचारित कोई बिन्दु छूटने नहीं पाया है। वस्तुतः राष्ट्र को सतयुगी परिस्थितियों में विनिर्मित करना आज की महती

आवश्यकता है । आज की विषम स्थितियों से यदि हमें मुकाबला करना है एवं वातावरण बदलना है, तो इन्हीं आर्ष मान्यताओं को अंगीकार करना होगा । राष्ट्र की उन्नति कैसे हो ? वह सुदृढ़ और आत्मनिर्भर कैसे बने ? अराष्ट्रियों पर अंकुश कैसे रखें ? शिक्षा-भाषा का स्वरूप क्या हो ? राष्ट्रनिर्मात्री पीढ़ी स्वस्थ एवं सशक्त कैसे बने ? आदि ज्वलन्त समस्याएं हैं. जिन पर ग्रन्थकार ने चिन्तन किया है । ऋषि, मार्गदर्शन में चलते हुए यदि आने वाली पीढ़ी को प्रखर प्रेरणा मिल सकी, तो यह कार्य सफल माना जायगा । साधुवाद

—डा. प्रणव पण्डया (एम डी.)
निदेशक, ब्रह्मवर्चस् शोध संस्थान हरिद्वार

निवेदन

ग्रात्मीय !

व्यावहारिक कल्याण का मार्गदर्शन करने की दृष्टि से वीतराग ब्र० पूज्यपाद अनन्त श्री स्वामी श्रीमद् ग्रमृतवाग्भवाचार्य जी ने सार्वभौम राष्ट्रवाद की भावनाओं से ओतप्रोत एक अद्भुत दार्शनिक ग्रंथ 'श्री राष्ट्रालोक' का वि. संवत् 1990 में प्रणयन किया था। इसमें 108 कारिकाएें है, जो सूत्ररूप में हैं। इसका मुल सानुवाद संस्करण पूर्व में प्रकाशित हो चुका है। किन्तु उन कारिकाओं के रहस्यों तथा शासन सुव्यवस्था के सम्बन्ध में सुविस्तृत विश्लेषण कर आचार्य श्री ने 'श्रीराष्ट्रसंजीवनभाष्य' की संस्कृत रचना वि. संवत् 1993 में की। इसे उन्होंने व्यावहारिक मोक्ष शास्त्र के नाम से भी अभिहित किया है। यह वह समय था जब भारत परतन्त्रता की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, विदेशी शासकों के अनाचारों से उनका मन-मस्तिष्क उद्वेलित हो उठा, राष्ट्रनिष्ठा ही अध्यात्म का पर्याय बन गई और इस कृति का सृजन हो गया। तभी से इस भाष्य का प्रकाशन चिर-प्रतीक्षित रहा है।

इस ग्रंथ के प्रणेता की यह मान्यता रही कि यह ग्रंथ संसार के प्रेय: साधन में परमोपयोगी होने के साथ-साथ परम्परया श्रेय:साधन में भी परमोपयोगी सिद्ध होगा।

श्रीराष्ट्रालोक ग्रंथ के विश्लेषण पर आचार्यश्री के अनन्य भक्त स्व. श्री रमानन्द सारस्वत के अनेक लेख हिन्दी भाषा में 'श्रीराष्ट्रालोकावलोकनम्' शीर्षक से 'स्वाध्याय' पत्रिका के विभिन्न अंकों में प्रकाशित हुए है। इसके अतिरिक्त राजस्थान विश्वविद्यालय के एम्. फिल्. संस्कृत के विद्यार्थी श्री राकेश मिश्र के द्वारा भी इस ग्रंथ पर एक लघु शोध प्रबंध लिखा जा चुका है।

पूज्यपाद आचार्य श्री की संस्कृत रचनाओं का समालोचनात्मक अध्ययन विषय पर भी कु. उर्मिला गुलाटी ने अपनी पी-एच्. डी. की उपाधि के लिये लिखे शोधप्रबन्ध में इस ग्रंथ का साहित्यिक दृष्टि से विश्लेषण किया है।

श्री राष्ट्रसजीवन भाष्य के सम्बन्ध में कहा गया है कि पाणिनीय व्याकरण में जो स्थान पातंजल महाभाष्य का है तथा वेदान्त में जो स्थान ब्रह्मसूत्र-शांकर भाष्य का है, वही स्थान राष्ट्रवाद में श्री राष्ट्रसंजीवन भाष्य का है

राष्ट्रवाद से सम्बन्धित सभी विषयों पर इस भाष्य में समुचित प्रकाश डाला गया है।

प्रस्तुत प्रकाशन में 'श्रीराष्ट्रालोक' की 108 कारिकाओं में से केवल छत्तीस कारिकाओं का भाष्य है। शेष अगले खण्डों में प्रकाशित किये जाने की योजना है।

इस खण्ड का हिन्दी रूपान्तरण एवं सम्पादन राजस्थान के सुविज्ञ विद्वान् डा. शिवसागर त्रिपाठी एवं श्री पद्म शास्त्री ने किया है। दोनों ही महानुभाव पूज्यपाद आचार्य श्री के सम्पर्क-सान्निध्य में यथावसर आते रहे हैं।

आशा है, सहृदय पाठक गण प्रकाशन की त्रुटियों को क्षमा करते हुए ग्रंथ में उल्लिखित राष्ट्रवादी दर्शन से स्वयं का एवं राष्ट्र का हित-साधन करेंगे।

सर्वश्री डा. शिवसागर त्रिपाठी, पं. पद्म शास्त्री, प्रकाशक देवनागर प्रकाशन एवं सहयोगी संस्था 'विद्वद्वरकल श्री राधाकृष्ण धार्मिक संस्थान, नई दिल्ली' के प्रति हार्दिक आभार, जिनके सहयोग, उत्साहवर्द्धन तथा अथक परिश्रम के बिना इस प्रकाशन का प्रस्तुत कर पाना सम्भव नहीं था।

अभिन्न
दुर्गादत्त शर्मा
अध्यक्ष
श्रीमदमृतवाग्भवाचार्य सांस्कृतिक
शिक्षा एवं शोध संस्थान, जयपुर

सियाराम गर्ग
मन्त्री

विषयानुक्रमणिका

राष्ट्रालोकः

श्रीमदमृतवाग्भवाचार्यप्रणीतः

राष्ट्रालोकः

[सञ्जीवन-भाष्य-सहितः]

अक्षरामिन्दुकलितामुदारां बिन्दुनादिताम् ।
अमृतां वाग्भवां शैवीं तां वन्दे चित्कलामहम् ॥

इह खल्वभिनवरमणीये परशिवरूपे विश्वस्मिन्नपि विश्वमण्डले स्वविलासाय कल्पितजडाऽजडाऽऽराममण्डल-विभागविभाजिते सर्वोऽपि साऽपेक्षो जीवलोकव्यवहारः सप्रयोजनो लक्ष्यते । तमेवैनं व्यवहारं सम्पादयितुं शैवादिब्राह्मान्तानां विश्वेषां वेदानां प्रवृत्तिः । तानेवं वेदान् परशिवविभूतिरूपा महर्षयो दुःखनिवृत्तिपूर्वकसुखसमवाप्तये शरणाऽऽपन्नजीवलोकानां श्रेयोमार्गनिरूपणाय तत्तदधिकारानुरूपं निरूपयामासुः । स एवाऽनन्तो वेदराशिः शिष्यप्रशिष्यसमुदायपरम्परया सर्वत्र प्रसरन् साधयँश्च जीवलोक-कल्याणं विजयतेतराम् । जीवलोकस्याऽपि खल्वार्याऽनार्येति द्विविधतया तत्कल्याणमप्यनुग्रहनिग्रहेति द्विविधशक्त्यधीनमिति सर्वजनविदितो वृतान्तः । तत्र भद्रनीतिप्रधाना आर्या अभद्रनीतिप्रधानाश्चानार्याः । सर्वतोभद्रैकतोभद्रैकतोऽभद्रसर्वतोऽभद्रप्राधान्येन

इस परम–रमणीय, परशिवस्वरूपात्मक चराचर सम्पूर्ण विश्व में प्राणियों का व्यवहार अपने जीवन-यापन के लिए सप्रयोजन किया जाता हैं । जीवों के इन व्यवहारों को चलाने के लिए ही शैव से लेकर ब्राह्म सम्प्रदाय तक सम्पूर्ण वेदान्त प्रवर्तित हुए हैं । परशिव विभूति स्वरूप महर्षियों ने, शरणागत जीवों के दुःखों की निवृत्तिपूर्वक सुखों की प्राप्ति एवं (पारलौकिक) कल्याणमार्ग बतलाने हेतु, साधिकार उन वेदों का निरूपण किया है । वह अनन्त वेदराशि शिष्य-प्रशिष्य परम्परा से, सर्वत्र प्रसार को प्राप्त होती हुई, जीवों का कल्याण साधती हुई, आज भी विद्यमान है ।

जीवलोक में भी आर्य, अनार्य दो प्रकार की सृष्टि है । जीवों का कल्याण भी अनुग्रह एवं निग्रहरूपा द्विविध शक्ति के अधीन है । यह वृत्तान्त सर्वविदित है ।

चतुर्विधो लोक इत्यादि प्रस्तुतग्रन्थकृत्प्रणीत 'श्रीक्रान्तिकौमुदीतो'ऽव-सेयम् । जीवलोककल्याणमपि पारमार्थिकव्यावहारिकभेदेन' द्विविधम् । पारमार्थिकलोककल्याणमार्गं श्रीग्रात्मविलासादिग्रन्थैः सम्यङ् निरूप्य व्यावहारिकलोककल्याणमपि सम्यङ् निरूपयितुं समस्तनयवेदसारभूत-मिव सर्वतोभद्रनीतिप्रधानं "श्रीराष्ट्राऽऽलोक" नामानमन्वर्थं ग्रन्थं विधित्सुर्निर्विघ्नतासम्पत्तये शिष्यशिक्षायै च विशिष्टशिष्टाऽऽचारविषयं मंगलं तन्त्रेण बीजरूपेण सर्वमपि वक्ष्यमाणग्रन्थतात्पर्यं च ग्रन्थघटकी-कुर्वंस्तत्रभवान् नानाग्रन्थप्रणेता महामहिममण्डितः 'श्रीमानमृतवाग्भव ग्राचार्यः प्राह—

चतुर्णां पुरुषार्थानां हेतवे वृषकेतवे ।।
पितृपुण्यभुवे तस्मै स्वराष्ट्राय नमो नमः ।।१।।

[ग्रर्थ, काम तथा मोक्ष नामक चारों पुरुषार्थों के साधन पिता, पितामह ग्रादि ग्रपने पूर्वजों के तथा ग्रपने पुण्य के उत्पत्ति स्थान, ग्रत्यन्त प्रसिद्ध वृषकेतु रूप स्वराष्ट्र को बारम्बार प्रणाम है ।।१।।

[चतुर्णाम्–पुरुषार्थानाम्–हेतवो–वृषकेतवे–पितृपुण्यभुवे-तस्मै–स्व-राष्ट्राय–नमो नमः । इति पदयोजना ।]

ग्रार्य भद्रनीति प्रधान एवं ग्रनार्य ग्रभद्रनीति प्रधान है । सर्वतोभद्र, एकतोभद्र, एकतोऽभद्र ग्रौर सर्वतोऽभद्र भेद से लोक चार प्रकार का होता है । इसका विवे-चन प्रस्तुत ग्रन्थ के प्रणेता की पुस्तक 'श्रीक्रान्तिकौमुदी' में उपलब्ध है । जीवलोक का कल्याण भी पारमार्थिक एवं व्यावहारिक भेद से दो प्रकार का है । पारमा-र्थिक लोककल्याण के मार्ग को ग्रात्मविलासादि ग्रन्थों में निरूपित करके (ग्रब) व्यावहारिक लोककल्याण का सम्यक् निरूपण करने के लिए समस्त नीति ग्रौर वेदों के सारस्वरूप तुल्य सर्वतोभद्रनीतिप्रधान 'श्रीराष्ट्रालोक' नामक ग्रन्थ की रचना के इच्छुक ग्रनेक ग्रन्थों के प्रणेता महामहिम श्री ग्रमृतवाग्भवाचार्य जो—निर्विघ्नतासम्पत्ति हेतु ग्रौर शिष्य–शिक्षा हेतु विशिष्ट ग्रौर शिष्ट ग्राचार-परम्परा से प्राप्त ग्राचार, विषय, मंगल ग्रौर बीजरूप तन्त्र से वक्ष्यमाण ग्रन्थ के समस्त तात्पर्य को इस ग्रन्थ में समाविष्ट करते हुए—कहते हैं—

कारिका–1

ग्रब प्रश्न उपस्थित होता हैं कि ये चार पुरुषार्थ कौन कौन से हैं ? पुरुषार्थ का क्या ग्रर्थ है? जो ग्रवरोहक्रम से कारण, सूक्ष्म तथा स्थूल शरीरों में (पूर्षु) रहने के कारण, पुरुषों के द्वारा स्वतन्त्रतया एवं पूर्णतया उपयोग किये जाने के

'चतुर्णाम्' इति। चतुर्णाम्–चतुःसंख्यावताम्। संख्या चेयं लोकव्यवहाराय कल्पितप्रकारताभेदमाश्रित्य वर्तते। नतु के ते चत्वार इत्याकाङ्क्षायामाह–'पुरुषार्थानाम्' इति, पूर्षु–अवरोहकारणसूक्ष्मस्थूलेषु शरीरेषु, शेरते–स्वपन्ति सङ्कुचिता भवन्तीति भावः। शरीरावच्छिन्नचेतना इति यावत्। ते च पुरुषा अविच्छिन्नतया, परतन्त्रतया, अपूर्णतया चाऽर्थयन्ते सर्वदाऽनवच्छिन्नतां स्वतन्त्रतां परिपूर्णतां समासतश्चतुर्विधा भवन्ति धर्माऽर्थकाममोक्षेति भेदेन। अयमभिप्रायः—

सर्वोऽपि किल जीवलोकोऽवच्छिन्नतया बद्धः सन् स्वातन्त्र्याऽपरपर्यायमोक्षमाकाङ्क्षते, अत एव सर्वेष्वपि ग्रन्थेषु मोक्ष एव परमपुरुषार्थ इति सडिण्डिमघातमुद्घोष्यते। युक्तमेवैतत्। मोक्षोऽपि द्विविधः पारमार्थिकव्यावहारिकभेदेन। पारमार्थिकस्तावन्मोक्षो विचारितः प्रस्तुतग्रन्थप्रणेत्रा आचार्येणैव **श्रीलात्मविलासे**। अत्र पुनर्व्यावहारिको विचारणीयः। ऐहिककार्येषु कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं सामर्थ्यंस्वातन्त्र्याऽपरपर्यायं व्यावहारिको मोक्षः स च सकलबुद्धिमत्प्रकृतिस्थचेतनस्याऽभिलषणीयः। अयं च व्यावहारिको मोक्षौ धमर्थिकामानां मूलम्। स्वातन्त्र्यमन्तरा खलु कथं धर्माऽर्थकामाः सम्पद्येरन्,। इन्द्रियविषयोपभोगेच्छा कामः। एनं च सर्वोऽपि व्यवहारप्रवृत्तिमान् वाञ्छति जीवलोकः। स चाऽयं कामो द्रव्याधीन इति पुरुषेणाऽर्थ्यमानतया द्रव्यमर्थाऽपरपर्यायं

कारण पुरुषार्थ कहलाते है। ये पुरुषार्थ संक्षेप में चार प्रकार के हैं—धर्म—अर्थ—काम—मोक्ष।

यह सम्पूर्ण जीवलोक, परतन्त्रता के पाश में निबद्ध, स्वतन्त्रता के अन्य पर्याय-मोक्ष की कामना करता है, इसलिए सभी ग्रन्थों में मोक्ष को ही परम-पुरुषार्थ माना गया है। यह उचित भी है। यह मोक्ष दो प्रकार का है। पारमार्थिक मोक्ष तथा व्यावहारिक मोक्ष। पारमार्थिक मोक्ष का निरूपण प्रस्तुत ग्रन्थ (राष्ट्रालोक) के प्रणेता ने अपने ग्रन्थ 'श्रीआत्मविलास' में किया है। अब यहां व्यावहारिक मोक्ष पर विचार करना है। इस व्यावहारिक मोक्ष में, ऐहिक कार्यों को करने. उन्हें न करने तथा उन्हें अन्यथा करने की सामर्थ्य है। सभी बुद्धिमान् चेतन प्राणियों द्वारा इस व्यावहारिक—मोक्ष की कामना की जाती है तथा इसे चतुर्विध पुरुषार्थों का मूल माना गया है। स्वतन्त्रता के बिना इन धर्म अर्थ काम रूप पुरुषार्थों की प्रवृत्ति कैसे हो सकती है? इन्द्रियों के विषयों की उपभोग की इच्छा ही काम है। व्यवहार-प्रवृत्ति से युक्त यह समस्त जीवलोक इस कामरूपी

पुरुषार्थः । एतौ चार्थकामाववधौ सम्पाद्यमानौ व्यवहारेऽनवस्थामापादये-तामिति विधित्वाऽवच्छेदकाऽवच्छिन्नस्याऽपि बुद्धिमत्प्रकृतिस्थचेतनेनाऽर्य-मानतया विधिर्धर्माऽपरपर्यायः पुरुषार्थः सुन्दपारिमृजैश्चाऽर्थकामाव-**प्राप्यावेव** । एवं चाऽर्थकामयोर्मूल विहितस्तक्रियाकलाप इति निर्णीतं भवति । एवं च स्वदेशकालवर्णाऽऽश्रमाऽऽचाराऽनुकूलसमस्तलोककल्याण-कारिव्यवस्थाकारिविहितक्रियाकलापो धर्म इति फलितम् ।

अयं धर्मो द्विविधः इष्टपूर्तभेदेन । इष्टरूपो धर्मस्तावत्तत्राऽदृष्टफल-द्वाराऽर्थकामादिप्रापकः । पूर्तरूपः पुनः प्रायेण दृष्टफलद्वाराऽथकाम-प्रापकः । सर्वथाऽप्यर्थकामयोर्मूलं धर्म इति तत्त्वम् । एतेन धर्मस्तावत् प्रथमः पुरुषार्थ इति फलितम् । कामधर्मयोरन्तरालवर्ती चार्थो द्वितीयः पुरुषार्थः । तृतीयश्च व्यावहारिकोऽन्तिमः कामः पुरुषार्थः । एतत्त्रितय-निदानभूतो व्यावहारिको मोक्षः परमः पुरुषार्थः । एवम्भूता पुरुषार्थाः । तत्र प्राधान्येन धर्मनिरूपणपराणि शास्त्राणि तथैवाऽर्थनिरूपणपराणि त्वर्थशास्त्राणि । अथ तथैव कामनिरूपणपराणि कामशास्त्राणि । पुनः शास्त्रे "श्रीराष्ट्रालोके" एतत्त्रितयनिदानभूतो व्यावहारिकः परम-पुरुषार्थो मोक्षः प्राधान्येन निरूपयिष्यते इति तदिदं "श्रीराष्ट्रलोक" नामकं मोक्षशास्त्रम् । तत्फलभूततया तदङ्गत्वेनाऽन्येषामपि निरूपण-मत्र । भवतु । तदेव प्रतिपादयितुमाह–'हेतवे' इति । तेषां पुरुषार्थानां

पुरुषार्थ में ही प्रवृत्त है । यह काम द्रव्य के अधीन है, क्योंकि पुरुष द्रव्य की ही कामना करते हैं । इसीलिए द्रव्य, अर्थ का ही पर्याय बनकर पुरुषार्थ शब्द की सार्थकता को द्योतित करता है । इससे यह सिद्ध हो जाता है कि जीवलोक का सम्पूर्ण कार्य-कलाप अर्थ एवं काम का ही मूल है । इस प्रकार अपने-अपने देश के काल के, वर्णाश्रम के आचार के अनुकूल कल्याणकारी व्यवस्था को ही धर्म कहा जाता है ।

यह धर्म भी इष्ट एवं पूर्त भेद से दो प्रकार का है । इष्ट धर्म अदृष्ट फलके द्वारा अर्थ एवं काम को प्राप्त कराता है, पूर्तधर्म दृष्ट फल के द्वारा अर्थ एवं काम को प्राप्त कराता है । रहस्य की बात यह है कि धर्म, अर्थ एवं काम का ही मूल है । अतः प्रथम पुरुषार्थ धर्म है । काम एवं धर्म के मध्य स्थितिवाला अर्थ द्वितीय पुरुषार्थ कहलाता है । तीसरा और अन्तिम व्यावहारिक पुरुषार्थ यह काम है । इन तीनों पुरुषार्थों का मूलभूत व्यावहारिक मोक्ष रूप जो पुरुषार्थ है, वही परम पुरुषार्थ है ।

हेतवे–कारणाय । आदिकारणायेति यावत् कारणताऽवच्छेदकाऽवच्छिन्नयावत्कारणकलापमूलभूताय । करणरूपायेति' तात्पर्यम् । पराधीनानां खलु न कोऽपि पुरुषार्थः सम्पद्यते प्रत्युतैतद्विघटनमेव' भवति सिषाधयिषाव्याकुलान्तरङ्गाणामपि पुरुषाणामिति प्रत्यहं दरीदृश्यते लोके । अथ कोऽयं हेतुः पदार्थ इति वर्णयति 'वृषकेतवे' इति । वृषः—धर्मः । "वृषो हि भगवान्धर्मः" (मनु. 8.16,) इत्यादिमन्वादिवचनान्यत्र प्रमाणानि । तस्य केतुः–ध्वजः चिह्नमिति यावत्, तस्मै । यथा पर्वतादौ पक्षे धूमादिलिङ्गज्ञानेन लिङ्गिनो वह्न्यादेः सत्ताऽनुमीयते लोकेन तथैव स्वातन्त्र्यरूपलिङ्गज्ञानेन राष्ट्रे पूर्वोक्तलक्षणलक्षितस्य परमधर्मस्याऽपि सत्ताऽनुमीयत इति तात्पर्यम् अथवा षष्ठीबहुव्रीहिसमासमाश्रित्य व्याख्येयमिदं पदम् । वृषः—पूर्वोक्तलक्षणलक्षितपरमधर्मः केतुः—चिह्नं यस्य सः । व्यावहारिकं कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं सामर्थ्यमिति यावत् । पूर्वोक्तलक्षणलक्षितपरमधर्मं दृष्ट्वा तत्रसम्पूर्णस्वातन्त्र्यमनुमीयते लोकेनेति भावः । एवं च त्रिवर्गनिदानभूतपरिपूर्णस्वातन्त्र्याऽपरपर्यायव्यावहारिकमोक्षस्वरूपाय परमधर्मायेति फलितम् । तथा चाऽऽह महर्षि-**याज्ञवल्क्यः**—

इसी प्रकार धर्म का निरूपण करने वाले शास्त्र धर्मशास्त्र तथा अर्थ का निरूपण करने वाले शास्त्र अर्थशास्त्र और काम का निरूपण करने वाले शास्त्र कामशास्त्र कहलाते हैं । इस 'राष्ट्रालोक' ग्रन्थ में व्यावहारिक मोक्ष रूप परम पुरुषार्थ का ही मुख्य रूप से निरूपण किया गया है । इसीलिए इस राष्ट्रांलोक को मोक्षशास्त्र भी कहा गया है । इस मुख्य पुरुषार्थ के अंगभूत अन्य पुरुषार्थों का भी प्रासंगिक रूप से इस ग्रंथ में निरूपण हुआ है । इसलिए प्रथम कारिका में उन पुरुषार्थों के आदिकारण के लिए 'हेतवे' पद का प्रयोग किया गया है । पराधीन व्यक्तियों का कोई पुरुषार्थ सम्पन्न नहीं होता, अपितु उसे सिद्ध करने के इच्छुक व्याकुलहृदय व्यक्तियों में इसका विघटन ही होता है ।

'वृषकेतवे' का अर्थ धर्म-ध्वज से है । क्योंकि स्मृतियों में वृष को साक्षात् धर्म माना गया है, जैसे पर्वत पर उठने वाले लिङ्ग स्वरूप धुंए आदि से लिङ्ग वह्नि आदि की सत्ता मानी जाती हैं, उसी प्रकार स्वातन्त्र्य रूप लिंग-ज्ञान से राष्ट्र में परमधर्म रूप लिंगी की सत्ता को स्वीकार किया गया है । अथवा इस पद का अर्थ षष्ठी बहुव्रीहि समास से किया जा सकता है । वृष-परमधर्म है, केतु-चिन्ह जिसका, अर्थात् जो त्रिवर्गनिदान स्वरूप पूर्ण स्वातन्त्र्यमय व्यावहारिक मोक्ष रूप परमधर्म के लिए है । महर्षि-याज्ञवल्क्य ने भी इस परमधर्म की

इज्याऽऽचारदमाऽहिंसादानस्वाध्यायकर्मणाम्, ।
अयं तु परमो धर्मो यद्योगेनात्मदर्शनम् ।। (या. स्मृ 1.8)इति

योगेन कर्मकौशलेनोपायभूतेन आत्मनः परिपूर्णस्वातन्त्र्यस्य । दर्शनं विज्ञानं, परमः सर्वोत्तमः, धर्मः त्रिवर्गनिदानभूत आनन्दः, अय तु—अयमेव इज्याऽऽचारादिषु विहितक्रियाकलापेषु । अस्तीति शेषः । अत एव तत्र भवान् महर्षिरापस्तम्बोऽप्याह—"आत्मलाभान्न परं विद्यते" इत्येवंरूपेण । ननु सर्वतः पराधीनानामस्माकं किमनया धर्मादिचर्चयेति परिहरन्नाह—'पितृपुण्यभुवे' इति । मातरश्च पितरश्च-पितरः "पिता मात्रा" (पा. सू. 1.2.70) इत्येकशेषेद्वन्द्वे । ते च पुण्यं पारलौकिकसुखप्राप्तिजनकमदृष्टविशेषः । तेषां भूः भूमिः उत्पत्ति-स्थानमिति भावः तस्यै । अयं भावः–पारतन्त्र्यं हि नाम नाऽस्माकं स्वभावः तस्द हि पितृपुण्यभूत्वाऽभावात् । पितृपुण्यभूः पुनरस्माकं परि-पूर्णं स्वातन्त्र्यं वृषकेतुः, अतः स्वातन्त्र्यं जन्मसिद्धोऽधिकारोऽस्माक-मिति । अथ कोऽयं पदार्थ एतैः सर्वैर्विशेषणैर्वर्ण्यते तदाह—'तस्मै' 'इति' अतिप्रसिद्धाय । परोक्षतया पूर्वोक्तलक्षणलक्षितपरमधर्मप्रचारेणाऽनुमेयाय परमधर्मिरूपिणे इति यावत् तथा चोक्तम्—

इदमस्तु सन्निकृष्टे समीपतरवर्ति चैतदो रूपम् ।।
अदसस्तु विप्रकृष्टे तदिति परोक्षे विजानीयात् ।।इति ।

प्रत्यक्षपदार्थानाँ ज्ञानं प्रत्यक्षप्रमाणाऽधीनम् । परोक्षपदार्थानां ज्ञानमनुमानप्रमाणाऽधीनम् । अपरोक्षपदार्थज्ञानं च शब्द प्रमाणाऽधीन-मित्यादि निरूपितं श्रीलात्मविलासव्याख्यायामिति तत्तत एव समव-

---

व्याख्या की है (याज्ञ. स्मृति 1-8) अर्थात् कर्मकौशलरूपी योगादि उपाय से प्राप्त होने वाला पूर्णस्वतन्त्र-दर्शनादि विज्ञान ही धर्म है । आचार्य-आपस्तम्ब ने भी कहा है—आत्मलाभ से श्रेष्ठ कोई वस्तु नहीं है ।

अब प्रश्न उपस्थित होता है कि हम जैसे पराधीन (किन्तु अब स्वतन्त्र)[1] लोगों को इस धर्म की चर्चा करने से क्या लाभ ? इस शंका का समाधान करने के लिए ही ग्रन्थकर्त्ता ने प्रथम कारिका में 'पितृपुण्यभुवे' विशेषण की योजना की है । इसका भाव है कि यह भूमि हमारे पूर्वजों द्वारा सेवित एवं पुण्य प्रदान करने वाली तथा पारलौकिक सुख देने वाली है । पराधीनता हमार, स्वभाव

---

1. मूल ग्रन्थ सम्वत् 1990 में लिखित ।

लोकनीयं सुधीभिः। प्रसिद्धमेव सर्वसाधारणानां मन्दमतीनामपि ज्ञानदाढर्याय विवृणोति—'स्वराष्ट्राय' इति। स्वेन स्वकीयेन शासनादिना राजते दीप्तिमद्भवति, तस्मै। स्वयन्दीप्तस्वभावाय परिपूर्णस्वातन्त्र्यायेति भावः। 'नमो नमः'–पुनः पुनः प्रणामः समेषां भवितुमर्हति। ईदृशस्यैव परमपुरुषार्थस्य वारं वारं विजय उद्घोषयितुमर्ह इत्युक्तं भवत्यनेन। पक्षान्तरे तस्मै अत्यन्तं परोक्षभूताय। सर्वेषां प्रमाणानामपि परोक्षभूतायेति यावत्। अयं भावः–सर्वेषां प्रमाणानां प्रामाण्यमेव यमवलम्ब्य विजयते सोऽप्रमेयः कथं प्रमाणगोचरः स्यात्। अतो युक्त एव तच्छब्दप्रयोगः। ननु सर्वप्रमाणाऽगोचरस्याऽत्यन्तमसिद्धतया 'तस्मै' इति निर्देशस्याऽप्यसङ्गतत्वं प्रसज्येत इत्याह–'स्वराष्ट्राय' इति स्वप्रकाशस्वभावायेति भावः। एतेन सर्वप्रमाणनिदानभूतः स्वतः सिद्धः सर्वशक्तिस्वरूपः परशिवः सर्वदैव प्रतीयते यस्मै सर्वदा सर्वैः सर्वत्र पुनः पुनः प्रणामः क्रियते। अतो न 'तस्मै' इतिनिर्देशस्याऽनुपपत्तिरिति व्यज्यते। अनेनैव च सर्वशक्तिमत्ता, तया च सर्वप्रमाणगोचरत्वमप्यस्य ध्वन्यते। 'पितृपुण्यभुवे' मातृशब्द इहोपादानकारणताऽवच्छेदकधर्माऽवच्छिन्नमात्रोपलक्षणः, पितृशब्दश्चेह निमित्तकारणताऽवच्छेदक धर्माऽवच्छिन्नमात्रोपलक्षणः तयोर्द्वन्द्वैकशेषः, अनयोः 'पुण्यभूः' सृष्टिस्थितिसंहारनिग्रहाऽनुग्रहेति पञ्चविधकृत्याऽधिष्ठानं महाबिन्दुः पुण्यशब्दोऽत्र सुन्दराऽपरपर्यायः। सौन्दर्यं चाऽभिनवरमणीयतया, पञ्चविधकृत्यैश्च तदुपभोग

नहीं है, क्योंकि उसमें पवित्र पितृभूमित्व का भाव नहीं है। स्वाधीनता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार, है क्योंकि इसमें पितृभू का भाव है और इसमें परिपूर्ण स्वतन्त्रता का धर्मकेतु विद्यमान हैं। कारिका में 'तस्मै' पद अति प्रसिद्धि को व्यक्त करता है अर्थात् जो पूर्वोक्त लक्षण-लक्षित परमधर्म के प्रचार से अनुमेय है।

प्रत्यक्षपदार्थों का ज्ञान प्रत्यक्षप्रमाण से होता है तथा परोक्ष पदार्थों का ज्ञान अनुमान प्रमाण से। प्रत्यक्ष पदार्थ का ज्ञान शब्दप्रमाण से ही हो जाता है–यह बात श्री आत्मविलास की व्याख्या में कही गई है। इस प्रथम कारिका में 'स्वराष्ट्राय' पद का अभिप्राय है कि जो स्वयं दीप्तिमान् होता है, स्वातन्त्र्यादि गुणों से सुशोभित होता है, जिसमें स्वतःसिद्धता सर्वशक्तिमत्ता एवं कल्याण का भाव है। 'नमो नमः से तात्पर्य है कि ऐसे राष्ट्र के लिए हमारा पुनः पुनः प्रणाम है। 'पतृ-पुण्यभुवे' पद का अभिप्राय है-जिसमें सृष्टि, स्थिति, संहार, निग्रह, अनुग्रह रूप पञ्चविध अधिष्ठान हो, जो अभिनव सोन्दर्यादि से रमणीय हो। पितृ पद से मातृ पद की भी अनुवृत्ति होने से यहां मातृपितृपदशक्ति-भगवान्

इत्यलं सिद्धाऽऽचाररहस्योद्धाटनेनेति प्रकृतं प्रस्तूयते । अत्रेदमपि बोध्यम्– मातृशब्देनाऽत्र भगवतोऽष्टविधा प्रकृतिर्ज्ञेया पितृशब्दश्च जीवरूपैकविध-प्रकृतिं बोधयति, पुण्युभूशब्दश्च द्विविधप्रकृत्यधिष्ठातारं परमात्मानं बोधयति, तेन च स्वप्रकृत्यधिष्ठानमिति फलितम् तादृशाय 'वृषकेतवे' पूर्णाऽनुग्रहप्राप्याय तद्रूपायैव वा परशम्भवे । वृषकेतुशब्दः शिववाचकः सर्वत्र प्रसिद्धः । सोऽयं परशम्भुरेव धर्माऽर्थकाममोक्षेति चतुर्विधपुरुषा-र्थानां निदानम् । अतो वारं वारमस्मै प्रणामो योग्य एवेति फलितम् । अत्रेदमपि बोध्यम्—व्यावहारिक चतुर्विधपुरुषार्थानां साधनं शरीरमिदं यथायोग्यरसरक्तादि धात्वाश्रयम् । ते च धातवः सप्ताऽपि पूर्णजीवातु-भूतमोजोरूपमष्टमं धातुमवलम्बन्ते, तच्चौजो गव्यदुग्धदधिघृतमूत्रशकृत्सु सर्वतोऽधिकतया समुपलभ्यते इति समस्तचिकित्सकानां निर्विचिकित्सः सिद्धान्तः । अतः सर्वथाऽपि ओजसो योगक्षेमपरेण सर्वदा सर्वेण भाव्य-मित्युपदिष्टं भवति । ओजसोश्च योगक्षेमौ गोसंरक्षणेन भविष्यतः । एतदेव ध्वनयितुमाह—'वृषकेतवे' इति । अयं भावः–तत्र तत्र फुरफुरायमाणाः केतवो यथा तत्रत्यं वैशिष्ट्यं बोधयन्ति, तथा 'वृषः'

शिव को अष्टविधा-प्रकति ही है । पितृ शब्द जीव रूप प्रकृति का बोधक है । पुण्यभू शब्द, दोनों प्रकार के प्रकृति के अधिष्ठाता परमात्मा का बोध कराता है । 'वृषकेतवे' पद पूर्ण-अनुग्रह रूप परःशिव का वाचक है, जो धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष रूप चतुर्विध पुरुषार्थों का मूल है । अतः पुनः पुनः प्रणम्य है ।

प्रकारान्तर से यहां कहा गया है कि चतुर्विध पुरुषार्थों का साधन यह शरीर है, जो रस रक्तादि सप्त धातुओं से बना हुआ है । चिकित्सकों का मत है कि ये सप्त धातु ओजो रूप अष्टम धातु के आश्रित है । यह ओज [वीर्य] दुग्ध-दधिकृतादि पदार्थों में अधिकमात्रा में मिलता है । अतः ओज को योग-क्षेम से युक्त होना चाहिए । ओज का योगक्षेम गो-संरक्षण से सम्भव है । इसी अभिप्राय का निरूपण करने हेतु यहां 'वृषकेतवे' पद का प्रयोग हुआ है । वृष (वृषभ) सर्वत्र अपनी ओजस्विता को प्रकट करता है । जब तक कोई राष्ट्र पराधीन है,[1] तब तक उस में ओजस्विता या आर्यता का भाव कहाँ ? अथवा अपना राष्ट्र कहां ? अतः सर्वप्रथम हमें अपनी इस पितृभूमि को निर्मुक्त-बन्धन करना चाहिए ।[2] इस ग्रन्थ में राष्ट्रविषयिणी सांगोपांग विवेचना रूपी विषय-वस्तु का

---

1. अब हमारा राष्ट्र स्वतन्त्र है ।
2. अब यह पितृभूमि निर्मुक्त बन्धन है ।

गोत्वाऽवच्छेदकाऽवच्छिन्नः केतुरिव सर्वत्र निर्भयः परिस्फुरँस्तत्रत्यामोजस्वितां सूचयति । तदेवौजस्वितया आर्यत्ववत् स्वराष्ट्रं भवितुमर्हति । राष्ट्रं राजमानः शासनीयः प्रदेश इति यावत् । तदेव स्वशासनाऽधीनं वस्तुतः स्वराष्ट्रं भवतीति भावः। भृत्यभावमापन्नानां ननु कुत ओजस्विता कुतो वा आर्यता? किं वा स्वं राष्ट्रं ? अतः सर्वादौ स्वराष्ट्रं स्वराष्ट्रं कार्यमित्यप्युपदिष्टं भवति । कतमद्राष्ट्रमेतादृक्कार्यमित्युपपादयितुमाह– 'पितृपुण्यभुवे' इति । अयमभिप्रायः—यः किल पित्राऽद्यभिजनजन्मभूत्वेन यज्ञियभूत्वेन चाऽभिमतः शासनीयः प्रदेशस्तद् राष्ट्रं तत्तादृक्कार्यमिति । सर्वं चेदं यथायथमेतद्ग्रन्थे विवेचयिष्यते । एतादृग्राष्ट्रस्य वारं वारं विजयोद्घोषः सर्वदा भाव्यमेवेति न तिरोहितं केषामपि विदुषामिति ध्वनयितुमुपात्तं 'नमो नमः' इति सर्वं समञ्जसम् ।

धर्मपदार्थविवेचनं प्रस्तुतग्रन्थकृता विस्तरेण "कल्याणसौगन्धिक" व्याख्यायां कलायां विहितमिति तत्तत एव समवलोकनीयम् । अत्र कारिकायां सर्वत्र नमोयोगे 'नमः स्वस्ति" (पा. सू. 2/3/16) इति चतुर्थी बोध्या । त्रिविधमङ्गलाऽन्यतममत्र नमस्कारात्मकं मङ्गलमाचरितमाचार्येण । मङ्गलत्रैविध्यमुक्तं यथा—

आशीर्वादनमस्कारवस्तुनिर्देशभेदतः ।
मङ्गलं त्रिविधं प्रोक्तं ग्रन्थादौ तत्सुखाऽऽवहम् ।इति।

अथैतच्छास्त्रीयमनुबन्धचतुष्टयमपि प्रेक्षावतां प्रवृतये निरूपितमत्रैव कारिकायाम् । तथाहि–'स्वराष्ट्राय नमो नमः' इत्यनेनाऽत्र शास्त्रे राष्ट्रविषयिणी साङ्गोपाङ्गा विवेचना विषय इति बोध्यते । अत्रैव

विवेचन किया जायेगा । ग्रन्थ के आदि में ग्रन्थकर्ता ने नमस्कारात्मक मंगल किया है, जो 'नमोः नमः' पद से द्योतित है ।

धर्म का पदार्थ-विवेचन प्रस्तुत ग्रन्थ के कर्ता ने विस्तारपूर्वक 'कल्याणसौगन्धिकम् की व्याख्या में किया है । अतः वहीं अवलोकनीय है । 'नमः' के योग में चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग पाणिनीय व्याकरण के अनुसार है ।

शास्त्रीय अनुबंधचतुष्टय का द्योतन 'स्वराष्ट्राय नमोः नमः' से व्यक्त किया गया है । चतुर्थीयुक्त स्वराष्ट्र पद स्वातंत्र्य-प्राप्ति रूप प्रयोजन का बोध कराता है । इसका भी प्रयोजन पुरुषार्थचतुष्टय की प्राप्ति है, जो 'चतुर्णां पुरुषार्थानां हेतवे' से स्पष्ट है । इससे विषय का ग्रन्थ के साथ प्रतिवाद्य-प्रतिवादक सम्बन्ध ज्ञात होता है । स्वराष्ट्र-सम्पन्न ही धर्मादिचतुर्वर्ग के सम्पादन में 'अधि-

तादर्थ्ये चतुर्थीमाश्रित्य स्वराष्ट्र–स्वशासनस्वातन्त्र्यं प्रयोजनमिति बोध्यते। एतस्याऽपि प्रयोजनं चतुर्विधः पुरुषार्थ इति साक्षादेवोक्तं "चतुर्णां पुरुषार्थानां हेतवे' इत्यनेन विषयस्य ग्रन्थेन सह प्रतिपाद्यप्रतिपादकभावः सम्बन्धः। चतुर्विधप्रयोजनो जीवलोकोऽत्र पठनेऽधिकारी। स्वराष्ट्रसम्पन्नो धर्मादिचतुर्वर्गसम्पादनेऽधिकारीति च बोध्यते। अन्यदप्यत्राऽनुबन्धचतुष्टयं विस्तरभियाऽनुक्तमपि यथायथमाकलनीयं विद्वद्भिः। इदं चाऽनुबन्धचतुष्टयमवश्यं वर्णनीयं ग्रन्थादौ तदुक्तम्—

ज्ञातार्थं ज्ञातसम्बन्धं श्रोतुं श्रोता प्रवर्तते।
ग्रन्थादौ तेन वक्तव्यः सम्बन्धः सप्रयोजनः ॥इति।1॥

अथैवं मङ्गलाऽऽचरणं तन्त्रेणाऽनुबन्धचतुष्टयनिरूपणं च विधाय समस्तपुरुषार्थनिदानभूतस्वराष्ट्रस्य स्वराष्ट्रीकरणायाऽत्यन्ताऽवश्यकराष्ट्रदृष्टिं प्रस्तुवंस्तन्त्रेण मुख्यतयाऽनुबन्धचतुष्टयं च वर्णयन्नाह—

राष्ट्रदृष्टिं नमस्यामो राष्ट्रमङ्गलकारिणीम्॥
यया विना न पश्यन्ति राष्ट्रं स्वनिकटस्थितम् ॥२॥

[राष्ट्रका मङ्गल करने वाली राष्ट्रदृष्टि को हम नमस्कार करते हैं। जिस राष्ट्र-दृष्टि के विना अपने पास ही रहने वाले भी राष्ट्र को नहीं देखते हैं ॥२॥

[राष्ट्रमङ्गलकारिणीम्—राष्ट्रदृष्टिं–नमस्यामः । यया–विना–स्वनिकटस्थितं–राष्ट्रं–न–पश्यन्ति। इति पदयोजना।

कारी' है। विस्तारभय से अनुबन्ध-चतुष्टय की चर्चा किये बिना भी विद्वान् उसका आकलन कर लें। ग्रन्थ के प्रारम्भ में अनुबन्धचतुष्टय का वर्णन करना चाहिए। कहा भी गया है–

ज्ञातार्थं ज्ञात-सम्बन्धं श्रोतुं श्रोता प्रवर्तते।
ग्रन्थादौ तेन वक्तव्यः सम्बन्धः सप्रयोजनः॥

इस प्रकार मङ्गलाचरण और अनुबन्धचतुष्टय का तन्त्रतः निरूपण करके समस्त पुरुषार्थों के आदिकारणस्वरूप अपने राष्ट्र के स्वराष्ट्रीकरण के लिए अत्यन्त आवश्यक राष्ट्रदृष्टि को प्रस्तुत करते हुए मुख्यतः अनुबन्ध चतुष्टय का वर्णन करते हैं—

कारिका–2

शासन करने योग्य प्रदेश को राष्ट्र कहते हैं। जो स्वामी, अमात्य, सुहृत्, कोश, सैन्य, दुर्ग. आदि से दीप्यमान एवं लोककल्याण का साधन होने से राष्ट्र कहलाता है। राष्ट्रवादी लोगों के मत में जिस सीमायुक्त भू-प्रदेश में मनुष्य

राष्ट्रदृष्टिम्' इति । राष्ट्रं—राजमानः शासनीयः प्रदेशः । स्वाम्यमात्यसुहृत्कोशसैन्यदुर्गादिभिर्दीप्यमानतया जीवलोककल्याणसाधनतया च राजमानत्वं राज्यवादिमते बोध्यम् । राष्ट्रवादिमते तु सीमाविशेषविशिष्टो मनुष्याऽधिष्ठितो राजमानो भूप्रदेशो राष्ट्रम् । तस्य दृष्टिः—ज्ञानम् । दृशिरत्र ज्ञानार्थः । राष्ट्रकर्मकज्ञानमिति भावः । कर्मणि षष्ठी ततस्तत्पुरुषः । सा तावद्दृष्टिस्त्रिविधः मित्रदृष्टिः शत्रुदृष्टिरुदासीनदृष्टिश्चेति । मित्रादयोऽपि द्विविधाः । ते यथा—सहजं मित्रं, कृत्रिमं मित्रं, सहज उदासीनः, कृत्रिम उदासीन इति । सर्वतोभद्रनीति प्रधाना आर्याः किल सहजानि मित्राणि सर्वेषां राष्ट्राणां भवन्ति । सर्वतोऽप्यभद्रनीतिप्रधाना अनार्या–पुनः सहजाः शत्रवः सर्वेषां राष्ट्राणां भवन्ति । आर्या अपि द्विविधाः राष्ट्रदृष्टय एके राज्यदृष्टयश्चान्ये इत्यादि निरूपितं श्रीक्रान्तिकौमुद्यामेव प्रस्तुतभाष्यकृतेति तत्तत्रैव द्रष्टव्यम् । तत्र राज्यदृष्टय आर्या अनार्याणां जातु कारणवशान्मित्राणि भवन्ति । कारणवशाच्च कदाचिच्छत्रवो भवन्ति । एवमेव कदाचिदुदासीना भवन्ति । त एते कृत्रिममित्रशत्रूदासीना बोध्याः । राष्ट्रदृष्टय आर्या एवाऽनार्याणां सहजोदासीनाः । अतस्तेऽनार्यराष्ट्राणामपि सहजोदासीना बोध्याः । अनार्या अपि राष्ट्रदृष्टयो राज्यदृष्टयश्चेति द्विविधा उत्सः "श्रीक्रान्तिकौमुद्या" मेव वर्णिताः । ते किल कस्याऽपि राष्ट्रस्य न सहजमित्राणि भवन्ति । कारणवशात् पुनर्मित्राणि वोदासीना वा भवन्ति । शत्रुभावश्च-

---

रहते हैं, वह राष्ट्र है । राष्ट्रकर्मक ज्ञान को राष्ट्रदृष्टि कहा गया है । यह दृष्टि तीन प्रकार की है मित्रदृष्टि, शत्रुदृष्टि, उदासीनदृष्टि । ये मित्र आदि दो-दो प्रकार के हैं, जैसे सहजमित्र-कृत्रिम मित्र, सहजशत्रु-कृत्रिमशत्रु, सहज उदासीन-कृत्रिम उदासीन है ।

सब ओर से कल्याण करने वाले सर्वतोभद्रनीतिप्रधान आर्य सभी राष्ट्रों के सहजमित्र होते हैं । इसी प्रकार अकल्याणकारक अनार्य भी सभी राष्ट्रों के सहज शत्रु होते हैं । आर्य भी दो प्रकार के होते हैं-राष्ट्रदृष्टि वाले तथा राज्यदृष्टि वाले इत्यादि (समस्त) निरूपण ग्रन्थकर्ता ने 'श्रीक्रान्तिकौमुदी' में किया है । राज्यदृष्टि वाले अनार्यो के कभी कारणवश मित्र भी हो जाते हैं, कभी शत्रु भी हो जाते हैं एवं कभी उदासीन हो जाते है । इन्हें कृत्रिम मित्र, कृत्रिम शत्रु और कृत्रिम उदासीन कहते हैं । राष्ट्रदृष्टि वाले आर्य ही अनार्यों के सहज उदासीन होते हैं । इसी प्रकार अनार्य भी राष्ट्रदृष्टि वाले एवं राज्यदृष्टि वाले होते हैं । ये

नैसर्गिकस्तेषाम् । एवमेव 'राष्ट्रदृष्टिम्' इत्यत्र कर्तृषष्ठीतत्पुरुषमाश्रित्य राष्ट्रकर्तृका दृष्टिरपि विज्ञेया । एवमेतां सर्वविधां राष्ट्रस्य दृष्टिताऽवच्छेदकाऽवच्छिन्नां दृष्टिम् 'नमस्यामः—नमस्काररूपेण स्तोत्रेण प्रस्तुमः । "नमो वरिवश्चित्रङः क्यच्" (पा.सू. 3.3.19) वयमिति शेषः । निखिल जीवलोकाऽभिलषिततमचतुर्विधपुरुषार्थनिदानभूतया राष्ट्रदृष्टेस्तस्या अस्माभिर्नमस्करणं योग्यमेवेति भावः । स्वनिरूपितकर्तृताऽवच्छेदकाऽवच्छिन्नकर्तृनिष्ठाऽपकृष्टताज्ञानपूर्वकस्वनिरूपितकर्मताऽवच्छेदकाऽवच्छिन्नकर्मनिष्ठोत्कृष्टताबोधको व्यापारो नमस्यापदार्थः । तेन नमस्याव्यापारेण वयमपि तां समस्तनमस्करणीयां सभाजयामः । तस्याः सर्वतः समुत्कृष्टतामनेन व्यापारेण द्योतयन्तस्तस्याः सर्वथा सार्वदिकं विजयमुद्घोषयाम इति यावत् । अयं व्यापारोऽपि कायिको वाचिको मानसिकश्च भवति । तत्र त्रिविधेनाऽपि व्यापारेण सभाजनं परमोत्तममित्याद्यन्यत्र ग्रन्थान्तरेषु सविस्तरं निरूपितं प्रस्तुतभाष्यकृतेति तद्विषयेऽत्र विरम्यते । 'राष्ट्रदृष्टिम्' इति कर्मणि द्वितीया । ननु कथमत्र नमोयोगे "नमः स्वस्तिस्वाहा स्वधाऽलंवषड्योगाच्च" (पा. सू. 2.3.16) इति पाणिन्याचार्यनियमिता चतुर्थी न कृता ? इति चेच्छ्रूयतां समाधानम्—अत्र हि न नमः शब्दः किन्तु 'नमस्याम' इति शब्दः । एकदेशमाश्रित्य तु

किसी भी राष्ट्र के सहज मित्र कभी भी नहीं हो सकते, कभी कभी सकारण मित्र या उदासीन हो जाते हैं । उनमें शत्रुभाव स्वाभाविक होता है । ऐसे राष्ट्रदृष्टि वाले मित्रों को नमस्कार करना ही चाहिये, आदर सत्कार करना ही चाहिये । उन मित्रों का यह सम्मान भी तीन प्रकार का होता है, कायिक, वाचिक एवं मानसिक । ऐसे सहज-मित्रराष्ट्रों का हमें सर्वतोभावेन सम्मान करना चाहिए । मैंने अपने अन्य ग्रन्थों में इसका विस्तार पूर्वक निरूपण किया है ।

इससे यह ध्वनित होता है कि पहले अपने राष्ट्र का मान दृष्टि या ज्ञान से होना चाहिए । पुनः उस सम्मानित राष्ट्र से अपने चतुर्विध पुरुषार्थ की संसिद्धि करनी चाहिए । व्यक्ति का कल्याण समष्टि के कल्याण में समाहित होता है–इस दृष्टि से भी राष्ट्रकल्याण की संकल्पना करनी चाहिए । राष्ट्रकल्याण से समस्त कल्याण अवश्यम्भावी है । अतः राष्ट्र शब्द में सर्वात्मकता स्वाभाविक है । इसी समष्टि का बोध कराने के लिए यहां 'राष्ट्राणि' इस बहुवचनान्त पद का प्रयोग किया गया है ।

नोचिता चतुर्थी एकदेशस्याऽनर्थक्यात्। 'अर्थवद्ग्रहणे नाऽनर्थकस्य ग्रहणम्' इति परिभाषितत्वादनर्थकस्याग्रहणनियमात्। व्रश्चभ्रस्ज" (पा. सू. 8.2.3) इत्यादिपाणिनिसूत्रे राजेः पृथग्भ्राजिग्रहणमेतां परिभाषां ज्ञापयतीति सर्वमिदं व्याकरणतन्त्रे परिभाषेन्दुशेखरादौ स्पष्टम्। परिभाषाया अनित्यत्वे तु "उपपदविभक्तेः कारकविभक्तिर्बलीयसी" इति नियमात् द्वितीयाऽत्र बलीयस्तया बोध्या.। उपपदविभक्तिश्च नमोयोगे चतुर्थी कारकविभक्तिश्च कर्मणि द्वितीयेत्याद्यपि शब्देन्दुशेखरादौ स्पष्टम्। स्तोत्राऽन्यतमप्रकारभूतेन नमस्कारेण प्रस्तुता राष्ट्रदृष्टिः। "यः स्तूयते स विधीयते" इति जैमनीयमीमांसानीत्या "राष्ट्रदृष्टिं नमस्यामः" (रा. 2) इत्यनेन 'राष्ट्रज्ञानमवश्यं कर्त्तव्यम्' इत्येवंरूपेण विधीयते। स्तोत्रलक्षणमुक्तं शास्त्रान्तरे—

नमस्कारस्तथाशीश्च सिद्धान्तोक्तिः पराक्रमः।
विभूतिः प्रार्थना चेति षड्विधं स्तोत्र-लक्षणम् ।।इति।।

तदेनं विधिवाक्यं निष्पन्नम्—दृष्ट्या—ज्ञानेन राष्ट्रं भावयेत्। भावितेन च राष्ट्रेण चतुर्विधपुरुषार्थं भावयेत्' इति एवं राष्ट्रज्ञानं

जैसे ब्राह्मवेद में एक कामना की सिद्धि के लिए एक कर्म किया जाता है तथा कभी समस्त कामनाओं की सिद्धि के लिए एक कर्म किया जाता है–इस सिद्धान्त का निष्कर्ष यह है कि जिस कामना की सिद्धि के लिए जो कर्म किया जाता है, वह कर्म ही उस कामना को पूर्ण कर सकता है, उसी कामना की पूर्ति उस कर्म से सम्भव है। समस्त कामनाओं की पूर्ति-हेतु जहां एक कर्म बतलाया गया है, वहां वह उस एकमात्र कर्म से भी सम्पूर्ण कामनाओं की पूर्ति कर सकता है, किन्तु एक बार किया हुआ सार्वकामिक कर्म सब कामनाओं की पूर्ति करने में समर्थ नहीं हो सकता है। यदि बार बार वह कर्म किया जाय, तो समस्त कामनाओं की पूर्ति हो सकती है।

आयुर्वेद में कही एक रोग की निवृत्ति हेतु एक ओषधि का विधान है और कहीं एक ही ओषधि समस्त रोगों को दूर कर देती है—वहां यह निर्णय किया है कि जो ओषधि जिस रोग को दूर करती है वह औषधि उस रोग को तो अवश्य ही दूर करती है–परन्तू इसका यह अर्थ नहीं है कि वह ओषधि केवल उसी रोग को दूर कर सकती है। सार्वकामिक वैदिक प्रयोगवत् यहां नियम नहीं है। यथा एक बार प्रयुक्त रसायन—औषध सभी रोगों को दूर करने में समर्थ होता है—प्रत्येक रोग के लिए उस औषध का प्रयोग नहीं करना पड़ता।

कर्त्तव्यतया प्रस्तुत्य तत्फलं तदधिकारिणं च निरूपयितुमाह—'राष्ट्रमङ्गलकारिणीम्' इति । राष्ट्रशब्दस्तावदत्र योगेन चिन्मात्रं बोधयितुमीष्टे । चिद्रूपत्वं च सर्वस्याऽपि स्वरससिद्धमिति राष्ट्रशब्दोऽत्र सर्वपर्यायः । अथवा योगरूढ एवाऽस्तु राष्ट्र शब्दो राष्ट्रत्वाऽवच्छेदकाऽवछिन्न परः । व्यष्टिकल्याणस्य समष्टिकल्याणाऽधीनतया राष्ट्रकल्याणेन समस्तकल्याणस्याऽवश्यम्भावात् राष्ट्रशब्दः सर्वमेव स्वभावतः सङ्गृह्णाति सर्वं पदं हस्तिपदे निमग्नमिति स्थितेः । ततश्च 'राष्ट्राणि'—समस्तान्युपादेयतयेष्यमाणताऽवच्छेदकाऽवच्छिन्नानि । तान्येतानि किल चतुर्षु विभागेषु विभक्तानि धर्मार्थकाममोक्षेति पुरुषैरर्थ्यमानत्वात्पुरुषार्था इत्युच्यन्ते । मङ्गलानि—कल्याणानि । व्यापारमात्रं प्रत्यानन्दस्यैवोद्देश्यताऽवच्छेदकताया विदुषामनुभवसिद्धतया सर्वमपीष्यमाणं मङ्गलमेवेति विदितमेव समेषां सचेतसां विदुषाम् । तानि कर्तुं कारयितुं च शीलमस्याः सा समस्तमङ्गलनिष्ठकर्मतानिरूपितकर्तृतावत्व, समस्तमङ्गलनिष्ठप्रयोज्यकर्मतानिरूपितप्रयोजककर्तृतावत्वं च स्वाभाविकमेवाऽत्रविराजते नारोपितमिति ताच्छील्यणिनिना बोध्यते । अत्रेद बोध्यम्—यथा ब्राह्मवेदेषु एकैकस्मै कामायैकैकं कर्म क्वचिद्विहित क्वचित्सर्वस्मै कामायाऽप्येकं कर्म विहितं तत्रैवं निर्णीतमपि यत् यं काममुद्दिश्य यत्कर्म विधीयते तत्कर्मैव तं कामं भावयितुं शक्नोति, स एव कामस्तेन कर्मणा भावनीय इति च । सर्वस्मै कामाय च यत्रैकं कर्म विहितं तत्र सर्वानपि कामान् भावयितुं तत् शक्नोति, परं तत्राऽयं विशेषः—एकवारमाचरितं

